# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

26 फरवरी 2025, बुधवार

**<u>केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तमिलनाडु के कोयम्बटूर, थिरुवन्नमलाई और रामनाथपुरम जिला भाजपा कार्यालयों के उद्घाटन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**भाजपा के लिए पार्टी कार्यालय एक मंदिर के समान...तमिलनाडु के यह तीनों कार्यालय जन संपर्क, जन संवेदना व जन आंदोलन के केंद्र बनेंगे**

**************

**मोदी जी ने तमिल भाषा व संस्कृति के सम्मान के लिए आजादी के बाद सर्वाधिक कार्य किया**

**************

**भाजपा ने 2025 की शुरुआत दिल्ली विजय से की और 2026 का अंत तमिलनाडु में NDA की विजय से करेगी**

**************

**महाराष्ट्र और हरियाणा से भी अधिक बहुमत के साथ तमिलनाडु में NDA सरकार बनेगी**

**************

**अब समय आ गया है, तमिलनाडु में DMK की देशविरोधी और भ्रष्टाचारी सरकार को समाप्त करने का**

**************

**DMK के शासन में देश में सबसे ख़राब कानून-व्यवस्था तमिलनाडु की हुई**

**************

**DMK के सारे नेताओं ने भ्रष्टाचार में मास्टर डिग्री हासिल की है, DMK चुन-चुन कर भ्रष्टाचारियों को ही पार्टी की सदस्यता दिलाती है**

**************

**मोदी सरकार ने तमिल गौरव, तमिल भाषा व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो कार्य किए हैं, कार्यकर्ताओं को उन्हें तमिलनाडु के हर घर तक पहुंचाना है**

**************

**मोदी जी ने आपके सभी हितों की रक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की एक भी सीट प्रो-राटा के आधार पर कम ना हो और सीटों की बढ़ोत्तरी में दक्षिण भारत के राज्यों को उचित हिस्सा मिले**

**************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को तमिलनाडु के कोयम्बटूर, थिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई, केन्द्रीय मंत्री श्री एल मुरुगन, तमिलनाडु भाजपा प्रभारी श्री अरविंद मेनन जी, प्रदेश सह प्रभारी श्री सुधाकर रेड्डी, तमिलनाडु प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री नैनार नागेन्द्रन सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज कोयम्बटूर के साथ थिरुवन्नमलाई और रामनाथपुरम के जिला कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय अन्य कार्यालयों से अलग है, अन्य राजनीतिक दलों

के लिए कार्यालय एक ढांचा होता है, लेकिन भाजपा के लिए कार्यालय एक मंदिर होता है, जहां से पार्टी का संचालन होता है। ये तीनों कार्यालय आने वाले समय में जनसंपर्क और जन आंदोलन के केन्द्र बनेंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट पेश किया है, जिसमें मध्यमवर्ग, किसान और एमएसएमई से जुड़ी कई योजनाओं को देश के पटल पर रखा गया है। बजट में मध्यमवर्ग की भलाई, किसानों के कल्याण और एमएसएमई के विस्तार का ध्यान रखा गया है। **वर्ष 2024 एक प्रकार से भाजपा के लिए ऐतिहासिक रहा** है। इस वर्ष माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, **2024 में ही पहली बार भाजपा ने ओडिशा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई**, लंबे समय के बाद **आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बनी**, **हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली की विजय हैट्रिक ने यह प्रमाणित कर दिया है कि देश की जनता का भरोसा भाजपा पर है। 2025 की शुरुआत दिल्ली विजय से हुई है और 2026 की समाप्ति तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनने से होगी**।

श्री शाह ने तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि **अब तमिलनाडु में डीएमके की देशविरोधी सरकार को खत्म करने का समय आ गया है**। हर भाजपा कार्यकर्ता नए उत्साह के साथ 2026 में एनडीए सरकार बनाने के लिए कमर कस रहा है। तमिलनाडु की नई एनडीए सरकार एक नए युग की शुरुआत करेगी। **तमिलनाडु में भाई-भतीजावाद की दुकान बंद होगी, भ्रष्टाचार का हमेशा के लिए अंत होगा, देश विरोधी गतिविधियों को मूल समेत उखाड़ फेंका जाएगा** और तमिलनाडु के विकास से भारत के विकास का सूत्रपात होगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आजादी के बाद तमिल भाषा, तमिल संस्कृति और तमिलनाडु के सम्मान के लिए यदि किसी ने सबसे अधिक कार्य किया है**, **तो वो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है**। पवित्र सेंगोल को संसद भवन में स्थापित करके भारत के लोकतंत्र के मंदिर में तमिल संस्कृति को प्राधन्य देने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। आज **पूरे देश में सबसे खराब कानून व्यवस्था तमिलनाडु की है**, प्रीमियम संस्थाओं और **यूनिवर्सिटी में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं**, 700 दिनों के बाद वेंगाइवयाल घटना के दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। **तमिलनाडु में अवैध शराब की शिकायत करने पर अवैध शराब बनाने वालों पर कार्रवाई करने की बजाय उसका विरोध करने वाले छात्रों की हत्या कर दी जाती है**। राज्य में **देशविरोधी प्रवत्ति भी चरम सीमा पर है**, तमिलनाडु सरकार ने 1998 के बम धमाके के मास्टर माइंड की अंतिम यात्रा को सुरक्षा देने का कार्य किया है। **ड्रग माफियाओं को ड्रग्स बेचने की खुली छूट मिली है**, **अवैध खनन करने वाले खनन माफिया राजनीति को भ्रष्ट करने में लगे हैं और भ्रष्टाचार में तो डीएमके के सभी नेताओं ने मास्टर डिग्री की हुई है**। एक नेता कैश फॉर जॉब में फंसे हुए हैं, दूसरे नेता मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध लाल रेत के खनन में फंसे हुए हैं, तीसरे नेता आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे हैं, चौथे नेता कोयला घोटाले में फंसे हुए हैं, पांचवे नेता 6 हजार करोड़ की CRIDP योजना में आरोपित हैं और 2G घोटाला अभी खत्म ही नहीं हुआ है। **ऐसा लगता है कि समाज के भ्रष्टाचारियों को चुन-चुन कर डीएमके ने मेंबरशिप ड्राइव में शामिल किया है**। तमिलनाडु की जनता इस सब से परेशान है इस लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और उनके पुत्र जनता का ध्यान भटकाने के लिए कुछ मुद्दे खड़े कर रहे हैं।

श्री शाह ने कहा कि **मोदी जी ने आपके सभी हितों की रक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की एक भी सीट प्रो-राटा के आधार पर कम ना हो और सीटों की बढ़ोत्तरी में दक्षिण भारत के राज्यों को उचित हिस्सा मिले**। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री हमेशा मोदी सरकार पर तमिलनाडु के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हैं लेकिन सत्य यह है कि **यूपीए की सरकार ने 2004 से 2014 के बीच ग्रांट एड एवं डेवोल्यूशन के रूप में तमिलनाडु को मात्र 1 लाख 52 हजार 901 करोड़ रुपए दिए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से 2024 के बीच**

**तमिलनाडु को 5 लाख 8 हजार 337 करोड़ रुपए की ग्रांट एड और डेवोल्यूशन फंड दिया है**। इसके अलावा 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अलग से दिए गए हैं। इसके बावजूद स्टालिन, मोदी सरकार पर अन्याय का आरोप लगा रहे हैं। अन्याय तो तब होता था जब डीएमके, यूपीए सरकार में हिस्सेदार थी। **डीएमके नेता केन्द्र में मंत्री थे, और उसके बावजूद तमिलनाडु को उचित फंड नहीं मिलता था**। इसके अलाव मोदी सरकार ने 2000 करोड़ रुपए का मदुरई एम्स बनाया है, 6400 करोड़ रुपए मत्स्य पालन के लिए दिए हैं, आपदा प्रबंधन, पेट्रोलियम और गैस संबंधी 9000 करोड़ रुपए और कई स्मार्ट सिटी के लिए फंड दिया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से तमिलनाडु में डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं की असुरक्षा और देशविरोधी गतिविधियों का पर्दाफाश करने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा तमिलनाडु की जनता के विकास, तमिल गौरव, भाषा और संस्कृति के लिए किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। श्री शाह ने विश्वास जताया कि तमिलनाडु में महाराष्ट्र और हरियाणा से भी बड़े बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनने जा रही है।

********************